जागरण

# लखनऊ में दवा कारोबारी की दुकान में छापेमारी, भारी मात्रा में नकली सीरप बरामद-फर्म मालिक अरेस्ट



Publish Date:Thu, 08 Jul 2021 11:15 AM (IST)Author: **Anurag Gupta**

*डाक्टर गैस नामक ब्रांडेंड कंपनी की रुड़की में बनवा रहा था नकली सीरप। व्यवसायी गिरफ्तार दवा मार्केट में कृष्णा फार्मा के नाम से चला रहा था फर्म। रुड़की स्थित फैक्ट्री के लोगों की तलाश करने के साथ ही गोंडा के युवक की तलाश में छापेमारी की जा रही है।*

**लखनऊ, जागरण संवाददाता।** अमीनाबाद दवा मार्केट में बुधवार को एसटीएफ, अमीनाबाद पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कृष्णा फार्मा के नाम से संचालित फर्म से भारी मात्रा में डाक्टर गैस नामक ब्रांडेंड कंपनी की सीरप बरामद की। टीम ने फर्म के मालिक कुशल अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

**77 पेटियों में करीब पांच लाख का माल बरामद :** सीओ एसटीएफ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में डाक्टर गैस कंपनी के निदेशक ने शिकायत की थी। इसके बाद बुधवार शाम सहायक आयुक्त औषधि मनोज कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार, माधुरी सिंह, एसटीएफ इंस्पेक्टर हेमंत कुमार, अमीनाबाद इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय की टीम तैयार की गई। टीम शाम को दवा मार्केट पहुंची और छापेमारी की। टीम को कृष्णा फार्मा के नाम से संचालित फर्म में डाक्टर गैस के नाम से सीपर मिली। फर्म से 77 पेटियां कीमत करीब पांच लाख रुपये बरामद की गई और संचालक कुशल अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

**रुड़की की एप्पल के नाम से संचालित दवा फैक्ट्री में बनवाते थे नकली सीरप :** एसटीएफ इंस्पेक्टर हेमंत कुमार और अमीनाबाद इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय ने बताया कि कुशल और उसके गिरोह के लोग उत्तराखंड के रुड़की में स्थित एप्पल नाम से संचालित दवा फैक्ट्री में डाक्टर गैस के नाम से नकली सीरप बनवाते थे। इसके बाद इसकी गोंडा, बाराबंकी, फैजाबाद, सीतापुर समेत अन्य जनपदों में सप्लाई करते थे। गिरोह का एक सदस्य गोंडा का रहने वाला है। उससे मोबाइल वाट्सएप पर कुशल की चैटिंग भी मिली है। रुड़की स्थित फैक्ट्री के लोगों की तलाश करने के साथ ही गोंडा के युवक की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-stf-raided-drug-dealer-shop-in-lucknow-and-recovered-a-huge-quantity-of-fake-syrup-21808433.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-stf-raided-drug-dealer-shop-in-lucknow-and-recovered-a-huge-quantity-of-fake-syrup-21808433.html)